उत्तर मध्य रेलवे
कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ

कार्य अध्ययन रिपोर्ट

# रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली के बिजली विभाग में मुख्य कारखाना प्रबंधक के अधीन कार्यरत इलेक्ट्रीशियन स्टाफ के कार्य की समीक्षा

**कार्य अध्ययन सं.**– म.प्र./उ.म.रे./का.अ./विद्युत/सिथौली/15/18–19

**मार्गदर्शन एवं निर्देशन**

श्री अमिताभ ओझा
वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

व

श्री अन्शू पाण्डेय
उप महाप्रबंधक/सामान्य

एवं

**सहयोग**

श्री संतोष बाजपेयी
कार्य अध्ययन अधिकारी

**सम्पादित**

अनिल कुमार पटेल
मुख्य कार्य अध्ययन निरीक्षक

# अनुक्रमणिका


| क्रम संख्या | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | अधिशासकीय सार | 2 |
| 2. | आभार एवं संस्तुति सारांश | 3 |
| 3. | **अध्याय– प्रथम**<br>प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें | 4 |
| 4. | **अध्याय– द्वितीय**<br>कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण | 5 |
| 5. | **अध्याय–तृतीय**<br>वित्तीय परिणाम एवं संस्तुति | 6 |


''''''''

## अधिशासकीय सार

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य अध्ययन का नाम | रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली के बिजली विभाग में मुख्य कारखाना प्रबंधक के अधीन कार्यरत इलेक्ट्रीशियन स्टाफ के कार्य की समीक्षा |
| 2. | कर्मचारी की श्रेणी | ग्रुप सी |
| 3. | विभाग | बिजली विभाग |
| 4. | कार्य अध्ययन वर्ष | 2018–19 |
| 5. | प्रारम्भ की तिथि | 05.02.2019 |
| 6. | पूर्ण होने की तिथि | 18.03.2019 |
| 7. | स्वीकृत पदों की संख्या | 10 |
| 8. | कार्यरत कर्मचारियों की संख्या | 07 |
| 9. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | 03 |
| 10. | वित्तीय बचत | Rs. 36,07,416/-<br>(छत्तीस लाख सात हजार चार सौ सोलह रू0 मात्र) |

## आभार

कार्याध्ययन दल रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली के श्री आर0 एन0 यादव, वरिष्ठ बिजली इन्जीनियर का गहन आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन में अपना बहुमूल्य समय एवं मार्गदर्शन प्रदान किया है। साथ ही साथ कार्याध्ययन दल श्री एस0 के0 गुप्ता वरिष्ठ खण्ड अभियंता (कम्पयूटर) रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली का विशेष आभारी है जिन्होने इस कार्याध्ययन हेतु महत्वपूर्ण सूचनायें उपलब्ध कराने में अपना बहुमूल्य समय एवं समुचित सहयोग प्रदान किया है।

''''' 

## संस्तुति सारांश

कार्य अध्ययन में पाया गया कि रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली में , मुख्य कारखाना प्रबंधक के अधीन कार्यरत इलेक्ट्रिकल संवर्ग में वरिष्ठ खण्ड अभियंता (विद्युत) के 08 पद स्वीकृत हैं तथा अवर अभियंता (विद्युत) के 02 पद स्वीकृत हैं। तकनीशियन का कोई पद स्वीकृत नहीं है। वरिष्ठ खण्ड अभियंता (विद्युत) का 01 पद रिक्त है तथा अवर अभियंता (विद्युत) के 02 पद रिक्त हैं। रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली के कार्य वरिष्ठ खण्ड अभियंता (विद्युत) के 05 पदों द्वारा किये जा सकते हैं। अतः कार्याध्ययन दल मुख्य कारखाना प्रबंधक के अधीन 03 वरिष्ठ खण्ड अभियंता (विद्युत) संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

## अध्याय–प्रथम

### प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग का समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैनपावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। बिजली से संबंधित कई कार्य ए0एम0सी0 द्वारा कराये जा रहे हैं। इस प्रकार इस कार्य हेतु रेलवे कर्मचारियों की आवश्यकता की संख्या पहले से बहुत कम हो गयी है। अतएव कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा "रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली के बिजली विभाग में मुख्य कारखाना प्रबंधक के अधीन कार्यरत इलेक्ट्रीशियन स्टाफ के कार्य की समीक्षा" विषय को कार्याध्ययन हेतु चुना गया है। यह कार्याध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2018–19 के लिए अनुमोदित कार्याध्ययन सूची से उद्धृत है।

वर्णित कार्याध्ययन मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

# अध्याय–द्वितीय

## कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण

2.1.**कर्मचारी संख्या**:–

मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली के अधीन कार्यरत इलेक्ट्रिकल स्टाफ के स्वीकृत एवं वास्तविक पद संख्या का विवरण निम्नवत है :–

| क्रम सं0 | पदनाम | वेतनमान | स्वीकृत कर्मचारी संख्या | कार्यरत कर्मचारी संख्या | अन्तर | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एस0एस0ई0 (विद्युत) | लेवल–7 | 08 | 07 | –01 | |
| 2 | जे0ई0 (विद्युत) | लेवल–6 | 02 | 00 | –02 | |
| 3 | वरिष्ठ तकनीशियन | लेवल–6 | 00 | 07 | + 07 | |
| 4 | तकनीशियन(प्रथम) | लेवल–5 | 00 | 01 | + 01 | |
| 5 | तकनीशियन(द्वितीय) | लेवल–4 | 00 | 03 | + 03 | |
| 6 | तकनीशियन(तृतीय) | लेवल–3 | 00 | 02 | + 02 | |
| 7 | हेल्पर | लेवल–1 | 00 | 03 | + 03 | |

**2.2 कार्य का विवरण**:–

कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली में मुख्य कारखाना प्रबंधक के अधीन कार्यरत इलेक्ट्रिकल स्टाफ के लिये वरिष्ठ खण्ड अभियंता (विद्युत) के 08 पद स्वीकृत हैं तथा अवर अभियंता (विद्युत) के 02 पद स्वीकृत हैं। तकनीशियन का कोई पद स्वीकृत नहीं है। वरिष्ठ खण्ड अभियंता (विद्युत) का 01 पद रिक्त है तथा अवर अभियंता (विद्युत) के 02 पद रिक्त हैं। तकनीशियन के पद पर 13 व हेल्पर के पद पर 03 कर्मचारी कार्यरत है। एस0एस0ई0 (विद्युत) द्वारा जे0ई0 (विद्युत) का कार्य भी देखा जाता है। तकनीशियन (विद्युत) का कार्य तकनीशियन (मैकेनिकल) से कराया जा रहा है।

## अध्याय–प्रथम

### प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें

भारतीय रेलवे में आउटसोर्सिंग का समावेश होने से कई प्रकार के कार्यों को सम्पादित करने में तथा मैनपावर की कमी से निपटने में सरलता हुई है। बिजली से संबंधित कई कार्य ए0एम0सी0 द्वारा कराये जा रहे हैं। इस प्रकार इस कार्य हेतु रेलवे कर्मचारियों की आवश्यकता की संख्या पहले से बहुत कम हो गयी है। अतएव कार्य संवर्धन के साथ–साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, जिससे रेल की कार्यक्षमता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय के निर्देश पर कार्य अध्ययन प्रकोष्ठ द्वारा "रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली के बिजली विभाग में मुख्य कारखाना प्रबंधक के अधीन कार्यरत इलेक्ट्रीशियन स्टाफ के कार्य की समीक्षा" विषय को कार्याध्ययन हेतु चुना गया है। यह कार्याध्ययन वरिष्ठ उप महाप्रबंधक महोदय द्वारा वर्ष 2018–19 के लिए अनुमोदित कार्याध्ययन सूची से उद्वृत है।

वर्णित कार्याध्ययन मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली के प्रशासनिक नियंत्रण में निहित है।

# अध्याय–तृतीय

## वित्तीय परिणाम

**3.0** इस कार्याध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल राजस्व में होने वाली बचत के प्रतिपद का आकलन निम्नवत् किया गया :–

| क0 सं0 | पदनाम | वेतनमान | पद सं0 | औसत मासिक मूल्य प्रति पद (रु0 में) | कुल मासिक मूल्य (रु0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एस0एस0ई0 (विद्युत) | 9300 - 34800 GP-4600 (लेवल–7) | 03 | 1,00,206/- | 3,00,618/- | 36,07,416/- |
| | | | | | कुल | 36,07,416/- |
| (छत्तीस लाख सात हजार चार सौ सोलह रू0 मात्र )। | | | | | | |

**3.1 संस्तुतिः–**

कार्य अध्ययन में ज्ञात हुआ कि रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली में मुख्य कारखाना प्रबंधक के अधीन कार्यरत इलेक्ट्रिकल स्टाफ में वरिष्ठ खण्ड अभियंता (विद्युत) के 08 पद स्वीकृत हैं तथा अवर अभियंता (विद्युत) के 02 पद स्वीकृत हैं। तकनीशियन का कोई पद स्वीकृत नहीं है। वरिष्ठ खण्ड अभियंता (विद्युत) का 01 पद रिक्त है तथा अवर अभियंता (विद्युत) के 02 पद रिक्त हैं। तकनीशियन (विद्युत) के पद पर 13 व हेल्पर के पद पर 03 कर्मचारी कार्यरत है जो कि मैकेनिकल विभाग के हैं। उपरोक्त के अनुसार वरिष्ठ खण्ड अभियंता के 08 पदों का औचित्य नहीं है। वरिष्ठ खण्ड अभियंता के 03 पदों का अभ्यर्पण कर के तकनीशियन (विद्युत) के पदों का सृजन किया जा सकता है।

अतः कार्याध्ययन दल मुख्य कारखाना प्रबंधक, रेल स्प्रिंग कारखाना, सिथौली के अधीन 03 वरिष्ठ खण्ड अभियंता (विद्युत) संवर्ग के पदों को अभ्यर्पित करने की संस्तुति करता है।

////////////////////////////////////////////-----------//////////////////////////////////